IIM Ranchi : 217 संस्थानों के 1078 योगदानकर्ताओं से मिली 593 प्रस्तुतियां, हुई चर्चा

आइआइएम रांची ने समापन सत्र के साथ 16वें आइएसडीएसआइ-वैश्विक सम्मेलन का किया समापन

Gaurav Jha 44 mins ago 0 5 1 minute read

रांची : आइआइएम रांची (IIM Ranchi) ने गवर्नेंस में निर्णय विज्ञान और नवाचार सम्मेलन पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के 16वें संस्करण का समापन किया। जिसमें चार दिनों के बौद्धिक आदान-प्रदान और सहयोगात्मक जुड़ाव की मेजबानी की गई। जिसका विषय वैश्वीकरण की पुनर्कल्पना: की शक्ति था। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के विद्वान, शोधकर्ता और अभ्यासकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में सभी आइआइएम, आइआइटी और अन्य शीर्ष प्रबंधन संस्थानों सहित 217 प्रतिष्ठित संस्थानों के 1078 योगदानकर्ताओं द्वारा लिखित 593 प्रस्तुतियां प्राप्त हुईं।कार्यक्रम में एसईएम, उन्नत माडलिंग और अनुसंधान उत्पादकता जैसे विषयों पर 5 सत्रों का समायोजन किया गया। मुख्य अतिथि गोइजुएटा बिजनेस स्कूल, एमोरी युनिवर्सिटी के प्रो. जगदीश शेठ और एडवेंट इंटरनेशनल के आपरेटिंग पार्टनर डी. शिवकुमार थे। पहले दिन 15 समानांतर ट्रैक में 200 पेपर प्रस्तुत किए गए। इसके अलावे स्टार्टअप, उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतर्राष्ट्रीयकरण पर चर्चा हुई। समापन समारोह में आइआइएम अहमदाबाद के निदेशक प्रो. भरत भास्कर ने आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और सम्मेलन अध्यक्षों और प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने सम्मेलन के विषय के बारे में बात की। उन्होंने वैश्वीकरण के विकास, सीखे गए सबक पर चर्चा की।

Kewalsachlive.in_30.12.2023_Online